# न्यायालय उपखंड अधिकारी अरांई (अजमेर)

पीठासीन अधिकारी श्रीमती निशा सहारण

## विधिक राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 102./2023

1. गोपी पुत्र रामा, जाति कुम्हार (प्रजापति), उम्र लगभग 48 वर्ष, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अराई, जिला अजमेर, राजस्थान
2. छगनी पुत्री रामा, जाति कुम्हार (प्रजापति), उम्र लगभग 46 वर्ष, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अराई, जिला अजमेर, राजस्थान
3. भवरलाल पुत्र रामा, जाति कुम्हार (प्रजापति), उम्र लगभग 54 वर्षनिवासी ग्राम कालानाडा ., तहसील अराई, जिला अजमेर, राजस्थान
4. सूरजकरण पुत्र रामा, जाति कुम्हार (प्रजापति), उम्र लगभग 39 वर्ष, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अराई, जिला अजमेर, राजस्थान

**बनाम**

1. गणेश पुत्र रामचन्द्र, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान
2. जतनी पत्नि रामलाल, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान
3. मंजू पत्नि तेजूराम, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान
4. शिमला पत्नि नाथु, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान
5. जगदीश पुत्र रामपाल, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान
6. रामकरण पुत्र श्रवण, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान
7. तेजुराम पुत्र रामदेव जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अराई, जिला अजमेर, राजस्थान
8. नाथू पुत्र रामचन्द्र, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा तहसील अराई, जिला अजमेर, राजस्थान
9. प्रधान पुत्र रामकरण, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा तहसील अराई, जिला अजमेर, राजस्थान

उपखण्ड अधिकारी
अरांई (अजमेर)

10. रामदयाल पुत्र रामकरण, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

11. घीसा पुत्र मांगू, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

12 चुक्की पुत्री मंगला, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

- 13. चेतन प्रजापत पुत्र मंगला, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

14. चंदा देवी पुत्री मंगला, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

15. चुन्नीलाल पुत्री मंगला, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

16. रेखा देवी पुत्री मंगला, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

17. सायर पत्नि स्व(प्रजापति) मंगला जाति कुम्हार ., निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

18. घीसा पुत्र मांगिया, जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी ग्राम कालानाडा तहसील अराई, जिला अजमेर, राजस्थान

19. अमराव पुत्र घीसा, जाति जाट, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अराई, जिला अजमेर, राजस्थान

20 कमला पत्नि रतनलाल, जाति जाट, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर राजस्थान

21. छोटी पुत्री हगामी, जाति जाट, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर राजस्थान

22 फूतर पुत्री हगामी, जाति जाट, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अराई, जिला अजमेर, राजस्थान

23 नाबालिग मोनू पुत्र रतनलाल, जाति जाट, जरिये प्राकृतिक संरक्षिका माता कमला पत्नि रतनलाल, जाति जाट, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

24. नाबालिग लेखराज पुत्र रतनलाल, जाति जाट, जरिये प्राकृतिक संरक्षिका माता कमला पत्नि रतनलाल, जाति जाट, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

25. धर्मराज पुत्र बिरदा, जाति जाट, निवासी ग्राम मोतीपुरा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

26. नोरत पुत्र रामलाल, जाति जाट, निवासी ग्राम मोतीपुरा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

27. पांची पत्नि स्वभूरा ., जाति जाट, निवासी ग्राम मोतीपुरा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

28 भोमा पुत्र छीतर, जाति जाट, निवासी ग्राम मोतीपुरा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

29. रघुनाथ पुत्र भूरा, जाति जाट, निवासी ग्राम मोतीपुरा, तहसील अरांईजिला अजमेर ., राजस्थान

30 रामधन पुत्र बिरदा, जाति जाट, निवासी ग्राम मोतीपुरा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

- 31 रामी पत्नि रामलाल, जाति जाट, निवासी ग्राम मोतीपुरा, तहसील | अराई, जिला अजमेर, राजस्थान

32. श्योराज पुत्र रामलाल, जाति जाट, निवासी ग्राम मोतीपुरा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

33. श्रवण पुत्र मूरा, जाति जाट, निवासी ग्राम मोतीपुरा, तहसील अरांईजिला अजमेर ., राजस्थान

34. मूरा पुत्र नन्दा, जाति जाट, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अराईजिला अजमेर ., राजस्थान

उपखण्ड अधिकारी
अरांई (अजमेर)

Presented by
...ch

35 गोपाल सिंह पुत्र बालसिंह, जाति राजपूत, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

36. भंवरसिंह पुत्र बालसिंह, जाति राजपूत, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

37. रघुवीरसिंह पुत्र बालसिंह, जाति राजपूत, निवासी ग्राम कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

38. ग्राम पंचायत कालानाडा, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

39. श्रीमान तहसीलदार महोदय, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

प्रतिवादीगण

निर्णय प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू.राजस्व अधिनियम 1956 के तहत

निर्णय दिनांक 16/5/2025

प्रार्थीगण की और से एक प्रार्थना पत्र एक प्रार्थना पत्र वकील श्री योगेश शर्मा द्वारा अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम के तहत पेश किया गया जो बाद जांच रिपोर्ट दिनांक 21.12.2023.को माननीय न्यायालय श्रीमान उपखण्ड अधिकारी एवं उपजिला मजिस्ट्रेट अराई द्वारा दर्ज रजिस्टर क्रमांक 102/2023.पर दर्ज किया गया तथा अप्रार्थीगणों की जरिये नोटिस तलबी की गई। दिनांक 28.3.2025 को पत्रावली बाद तलबी पेश हुई। तामिलशुदा नोटिस प्राप्त होने के बावजूद अप्रार्थीगण की और से कोई उपस्थित नहीं होनें से दिनांक 28.3.2025 को अप्रार्थीगण संख्या 01 लगायत 39 के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर दी गई।

प्रार्थीगण द्वारा अपने प्रार्थना पत्र में निवेदन किया कि प्रार्थीगण की एकल एवं संयुक्त खातेदारी की कृषि आराजी ग्राम कालानाडा पटवार हल्का कालानाडा भू0अ0नि0क्षेत्र भोगादीत तहसील अराई जिला अजमेर में स्थित है जिसकी खाता संख्या नया 226 के खसरा संख्या 585 रकबा 0.3641 है0, है जिसमें वादीगण का प्रत्येक का 1/4 – 1/4 हिस्सा उक्त कृषि भूमि में राजस्व रिकार्ड अनुसार हिस्सा निहित होकर सहखातेदार काबिज काश्तकार है । तथा खाता संख्या नया 225 खसरा नं0 416 रकबा 0.0971 है0, ख0नं0 580 रकबा 0.7362 है0 , खसरा नम्बर 582 रकबा 1.1407 है0, खसरा नम्बर 583 रका 0.7766 है0, खसरा नम्बर 593 रकबा 1.4481 है0 , खसरा नम्बर 594 रकबा 0.7362 है0 कुल 6 खसरा कुल रकबा 4.9349 हैक्टेयर है । प्राथीगण अपनी उपरोक्त वर्णित खातेदारी कृषि भूमि पर बदस्तूर सहखातेदार काबिज चले आरहे है । 3ए यह कि प्रार्थीगण की खातेदारी कृषि भूमि (अ) प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 6, 8 व अप्रार्थी संख्या 11 लगायत 17 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 584 क्षेत्रफल 0.0566 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 584 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 585 के पूर्व दिशा में स्थित है। तथा अप्रार्थी संख्या 18 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 910/585 क्षेत्रफल 0.4045 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 910/585 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 585 के उत्तर दिशा में स्थित है। तथा अप्रार्थी संख्या 12 लगायत 18 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 911/585 क्षेत्रफल 0.0243 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 911/585 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या

उपखण्ड अधिकारी
अरांई (अजमेर)

35 के पश्चिम दिशा में स्थित है।तथा प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 585 के दक्षिण दिशा में प्रार्थीगण की ही खातेदारी भूमि खसरा संख्या 582 स्थित है।

(ब) अप्रार्थी संख्या 35, 36 व 37 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 417 क्षेत्रफल 1.3429 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 417 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 416 के पूर्व व उत्तर दिशा में स्थित है। तथा अप्रार्थी संख्या 38 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 415 क्षेत्रफल 0.8252 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 415 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 416 के पश्चिम व दक्षिण दिशा में स्थित है।तथा प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 416 के दक्षिणी छोर से लगती हुई खसरा संख्या 410 की भूमि है जो राजस्थान सरकार के नाम दर्ज है।

(स) अप्रार्थी संख्या 34 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 579 क्षेत्रफल 1.4643 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 579 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 580 के पश्चिम दिशा में स्थित है।तथा प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 580 के उत्तर व पूर्व दिशा में से लगती हुई खसरा संख्या 581 व 575 की भूमि है जो राजस्थान सरकार के नाम दर्ज है।तथा उक्त खसरा संख्या 580 के दक्षिण दिशा में वनविभाग की भूमि अवस्थित है।

(द) अप्रार्थी संख्या 19 लगायत 24 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 597 क्षेत्रफल 3.6405 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 597 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 594 के पूर्व दिशा में स्थित है।तथा अप्रार्थी संख्या 25 लगायत 33 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 549 क्षेत्रफल 7.2001 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 549 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 594 के पूर्व दिशा के उत्तरी कोने से लगती हुई है।तथा खसरा संख्या 594 के उत्तर दिशा में खसरा संख्या 593 की भूमि स्थित है जो प्रार्थीगण की ही खातेदारी कृषि भूमि है।तथा अप्रार्थी संख्या 1, 2, 5, 7, 8, 9 एवं 10 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 591 क्षेत्रफल 1.9740 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 591 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 594 के उत्तर दिशा में स्थित होकर पश्चिमी कोने से लगती हुई है।तथा अप्रार्थी संख्या 18 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 595 क्षेत्रफल 0.7847 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 595 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 594 के दक्षिण दिशा में स्थित है।

(य) खसरा संख्या 582 के पश्चिम दिशा में खसरा संख्या 583 की भूमि स्थित है जो प्रार्थीगण की ही खातेदारी कृषि भूमि है।

तथा खसरा संख्या 582 के उत्तर दिशा में खसरा संख्या 585 की भूमि स्थित है जो प्रार्थीगण की ही खातेदारी कृषि भूमि है।तथा प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 6, 8 व अप्रार्थी संख्या 11 लगायत 17 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 584 क्षेत्रफल 0.0566 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 584 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 582 के उत्तर दिशा में स्थित है।तथा अप्रार्थी संख्या 12 लगायत 17 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 911/585 क्षेत्रफल 0.0243 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 911/585 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 582 के उत्तर दिशा में स्थित है। तथा उक्त भूमि

उपखण्ड अधिकारी

खसरा संख्या 582 के पूर्व, दक्षिण एवं उत्तरी कोने से लगता हुआ रास्ता है जो राजस्थान सरकार के नाम दर्ज है।

(र) खसरा संख्या 583 के पूर्व एवं दक्षिण दिशा में खसरा संख्या 582 की भूमि स्थित है जो प्रार्थीगण की ही खातेदारी कृषि भूमि है।तथा प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 6, 8 व अप्रार्थी संख्या 11 लगायत 17 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 584 क्षेत्रफल 0.0566 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 588 क्षेत्रफल 0.0566 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 584 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 583 के पश्चिम दिशा में स्थित है तथा खसरा संख्या 588 की भूमि प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 583 के पश्चिम दिशा में स्थित होकर उत्तरी कोने से लगती हुई है।तथा उक्त भूमि खसरा संख्या 582 के उत्तर दिशा में रास्ता है जो राजस्थान सरकार के नाम दर्ज है।

(ल) खसरा संख्या 593 के दक्षिण दिशा में खसरा संख्या 594 की भूमि स्थित है जो प्रार्थीगण की ही खातेदारी कृषि भूमि है।तथा अप्रार्थी संख्या 19 लगायत 24 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 597 क्षेत्रफल 3.6405 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 597 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 593 के दक्षिण-पूर्वी कोने से लगती हुई है।तथा अप्रार्थी संख्या 25 लगायत 33 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 549 क्षेत्रफल 7.2001 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 549 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 593 के पूर्व दिशा में स्थित है।तथा अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 6 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 550 क्षेत्रफल 1.2944 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 550 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 593 के उत्तर दिशा में स्थित है।तथा खसरा संख्या 555 जो प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 593 के उत्तर दिशा में स्थित है जो राजस्थान सरकार के नाम दर्ज है।तथा अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 4 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 592 क्षेत्रफल 1.6018 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 592 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 593 के उत्तर-पश्चिमी कोने से लगती हुई है।तथा अप्रार्थी संख्या 1, 2, 5, 7, 8, 9 व 10 ग्राम कालानाडा स्थित खसरा संख्या 591 क्षेत्रफल 1.9740 हैक्टेयर भूमि के रिकार्डेड खातेदार, काबिज काश्तकार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 591 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 593 के पश्चिम दिशा में स्थित है।4. यह कि प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 37 के मध्य उपरोक्त भूमियों का सीमा विवाद चला आ रहा है तथा अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 38 आये दिन प्रार्थीगण की भूमि की सीमाओं में हस्तक्षेप करते रहते है, प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण के मध्य आये दिन सींव, मेड, (सीमा) को लेकर विवाद होता रहता है इससे प्रार्थीगण काफी परेशान है । इस कारण प्रार्थीगण अपनी उपरोक्त वाद वर्णित खसरा नम्बर की भूमि की पत्थरगढी करवाना चाहते है। अन्यथा प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगणो में विवाद बढ सकता है । इसीलिये यह प्रार्थना पत्र श्रीमान के समक्ष पेश किया जा रहा है। प्रार्थना पत्र के जरिये वादी ने निवेदन किया कि प्रार्थीगण की वाके ग्राम कालानाडा पटवार हल्का कालानाडा भू0अ0नि0 भोगादीत तहसील अराई जिला अजमेर स्थित कृषि खसरा संख्या 585,416,580,582,583,593,594 की भूमि पर राजस्व रिकार्ड अनुसार तहसीलदार सा. की उपस्थिति में पत्थरगढी कराये जाने के आदेश प्रदान करावे।

उपखण्ड अधिकारी
अराई ( अजमेर )

हमारे द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र में प्रार्थी की एकल खातेदारी की कृषि आराजी ग्राम कालानाडा पटवार हल्का कालानाडा भू0अ0नि0 भोगादीत तहसील अराई जिला अजमेर स्थित कृषि खसरा संख्या 585,416,580,582,583,593,594 स्थित है उक्त भूमि प्रार्थीगण के नाम खातेदारी दर्ज है। संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया गया वादी की बहस सुनी गई। अतः उपरोक्त विवेचन व संलग्न दस्तावेजानुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम कालानाडा पटवार हल्का कालानाडा भू0अ0नि0 भोगादीत तहसील अराई जिला अजमेर स्थित कृषि खसरा संख्या 585,416,580,582,583,593,594 भूमि का राजस्व रिकार्ड अनुसार मौके पर नाप चौक कर पत्थरगढी करने हेतु तहसीलदार अरांई को कमिश्नर फीस 1000/—रु पर कमिश्नर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता है कि प्रार्थीगण द्वारा कमिश्नर फीस 1000/— रु जमा करवाने पर वे मौके पर उपस्थित होकर उक्त वाद ग्रस्त भूमि का पक्षकारान की उपस्थिति में नाप चौक कर पत्थरगढी करें।

आदेश मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 16/5/2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर हस्ताक्षरित किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

उपखण्ड अधिकारी
अंराई )अजमेर(

उपखण्ड अधिकारी
अराई ( अजमेर )